## अभ्यास के प्रश्नोत्तर

**प्रश्न 1.** निम्नलिखित तंतुओं को प्राकृतिक तथा मानव निर्मित में वर्गीकृत कीजिए ।

उत्तर—प्राकृतिक तंतु → ऊन, रूई, रेशम, पटसन

मानव निर्मित तंतु → नॉयलॉन, पॉलिस्टर ।

**प्रश्न 2.** नीचे दिए गए कथन 'सत्य' है अथवा 'असत्य' उल्लेख कीजिए :

(क) तंतुओं से धागा बनता है ।

(ख) कताई वस्त्र निर्माण की एक प्रक्रिया है ।

(ग) जूट नारियल का बाहरी आवरण होता है ।

(घ) रूई से बिनौले (बीज) हटाने की प्रक्रिया को ओटना कहते हैं ।

(ङ) धागों की बुनाई से वस्त्र का एक टुकड़ा बनता है ।

(च) रेशम तंतु किसी पादप के तने से प्राप्त होता है ।

(छ) पॉलिस्टर एक प्राकृतिक तंतु है ।

उत्तर—(क) सत्य (ख) (सत्य) (ग) असत्य (घ) सत्य (ङ) सत्य (च) असत्य (छ) असत्य ।

**प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।**

**(क)** .......और ........ से पादप तंतु प्राप्त किए जाते हैं ।

**(ख)** .........और ........ जन्तु से मिलने वाले तंतु है ?

**उत्तर**— (क) सूत, जूट (ख) रेशम, ऊन

**प्रश्न 4. सही विकल्प को चुनिए—**

**(क) वैसे वस्त्र के तन्तु जो पौधों एवं जन्तुओं से प्राप्त होते हैं, कहलाते हैं—**

(i) प्राकृतिक तंतु (ii) मानव निर्मित तंतु

(iii) प्राकृतिक एवं मानव निर्मित तंतु

(iv) इनमें से कोई नहीं । **उत्तर**—(i)

**(ख) मानव निर्मित तंतु हैं—**

(i) पॉलिएस्टर (ii) नायलॉन

(iii) एक्रिलिक (iv) उपर्युक्त सभी **उत्तर**—(iv)

**(ग) बिहार के निम्न जिले में जूट अधिक उगाया जाता है—**

(i) कटिहार (ii) मधेपुरा

(iii) सहरसा (iv) उपर्युक्त सभी **उत्तर**—(iv)

**(घ) रेशों से धागा बनाने की प्रक्रिया कहलाती है—**

(i) कताई (ii) बुनाई

(iii) धुनाई (iv) रंगाई **उत्तर**—(i)

**(ङ) धागे से वस्त्र बनाने की विधियाँ हैं—**

(i) बुनाई (ii) बंधाई

(iii) बुनाई एवं बंधाई (iv) इनमें से कोई नहीं ।

**उत्तर**—(iii)

**प्रश्न 5. रूई तथा जूट (पटसन) पादप के किन भागों से प्राप्त होता है ?**

**उत्तर**—रूई कपास के पौधे का फूलों से प्राप्त होता है । जूट (पटसन) के पौधे के तने से प्राप्त किया जाता है ।

**प्रश्न 6. नारियल तंतु से बननेवाली दो वस्तुओं के नाम लिखिए ।**

**उत्तर**—नारियल तंतु से बननेवाली दो वस्तु निम्न प्रकार से है—

नारियल की रस्सी

नारियल से पैर पोछने वाला पौदान

**प्रश्न 7. तंतुओं से धागा निर्मित करने की प्रक्रिया स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर**—रेशों से धागा बनाने की प्रक्रिया को कताई कहते हैं । इस प्रक्रिया में रूई के एक पुंज से रेशों को खींचकर ऐंठते हैं । ऐसा करने से रेशे आपस में गुथ जाते हैं और धागा बन जाता है । कताई के लिए तकली का उपयोग किया जाता है । इसमें एक दूसरी युक्ति का भी उपयोग कर सकते हैं जिसे चरखा कहते हैं ।